समाचार

# 08, 14, 15, 16, 22, 25, 27 सितम्बर एवं 02 अक्टूबर को बंद रहेगा पशुवध कार्य

कोरबा 07 सितम्बर 2026 – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को दिनांक 08, 14, 15, 16, 22, 25, 27 सितम्बर एवं 02 अक्टूबर को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 08 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व प्रथम दिवस, 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी, 15 सितम्बर को जैन पर्यूषण महापर्व दिवस, 16 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व एवं क्षमा, 22 सितम्बर को ढोल ग्यारस, 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी एवं जैन पर्यूषण पर्व अंतिम दिवस, 27 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व में सवंत्सरी व उत्तम क्षमा एवं 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।